336 करोड़ रुपए की लागत से बनेगा काशी इंटर मॉडल स्टेशन

चर्चा में क्यों?

25 दिसंबर, 2022 को उत्तर रेलवे मंडल के मंडल रेल प्रबंधक सुरेश कुमार सपरा ने बताया कि उत्तर प्रदेश के वाराणसी के काशी रेलवे स्टेशन को मेजर अपग्रेडेशन प्रोजेक्ट के लिये टेंडर जारी किया गया है। करीब 336 करोड़ रुपए की इस परियोजना से काशी इंटर मॉडल स्टेशन बन जाएगा।

प्रमुख बिंदु

- सुरेश कुमार सपरा ने बताया कि इस परियोजना से काशी इंटर मॉडल स्टेशन बनने के साथ-साथ यहाँ यार्ड रीमॉडलिंग, कॉम्प्लेक्स और होटल निर्माण समेत कई कार्य किये जाएंगे। यहाँ टेक्नो फिजिबिलिटी सर्वे का काम पहले ही पूरा हो गया है। अगले साल दिसंबर तक डीपीआर का काम भी हो जाएगा।
- इस परियोजना के पहले और दूसरे प्रवेश द्वार को जोड़ते हुए कॉनकोर्स (सिटी सेंटर) भी बनाने का उद्देश्य है। काशी स्टेशन में रोज़ाना करीब 10 जोड़ी ट्रेनें रुकती हैं। इस कायाकल्प से स्टेशन की छवि पूरे तरीके से बदल जाएगी तथा इस रेलवे स्टेशन का कायाकल्प करने में ढाई साल का समय लग जाएगा।
- उन्होंने बताया कि इसके अलावा कैंट स्टेशन पर चार्ज़िंग सेंटर का टेंडर जारी होने से वाराणसी कैंट स्टेशन पर इलेक्ट्रिक वाहनों को चार्ज करने की सुविधा मिलेगी। यहाँ जनवरी से इलेक्ट्रिक व्हीकल चार्ज़िंग फैसलिटी पॉइंट बनना शुरू हो जाएगा। मार्च तक यहाँ इलेक्ट्रिक दोपहिया और ई-रिक्शा समेत सभी छोटे-बड़े वाहनों को चार्ज करने की सुविधा मिलने लगेगी।
- ई-वाहनों को चार्ज करने के लिये फिलहाल वाराणसी में सरकारी या गैर-सरकारी स्तर पर कोई सुविधा नहीं है। मिर्ज़ामुराद में बना चार्ज़िंग स्टेशन सिर्फ ई-बसों के लिये ही है। ऐसे में कैंट स्टेशन पर बनने वाला ई-व्हीकल चार्ज़िंग फैसलिटी पॉइंट ऐसे वाहनों के लिये फायदेमंद साबित होगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/kashi-inter-model-station